चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
दैनिक जागरण	24-10-22	4	1-6

हकृवि में धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

बीआर काम्बोज ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी स्वीपर्स यूनियन की ओर से महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि समस्त ऋषियों में सर्वप्रथम कवि माने गए हैं। क्योंकि उन्होंने भगवान श्रीराम से जुड़े महाकाव्य रामायण की रचना की थी।

हकृवि में आयोजित महर्षि वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज को सम्मानित करते हुए।

मुख्यातिथि ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जैसे संतों ने समाज के किसी भी विशेष वर्ग, जाति व समुदाय के लिए काम न कर अपितु हर व्यक्ति के हित के लिए काम किया। इसलिए हमें भी महर्षि वाल्मीकि के दिखाए मार्ग का अनुसरण कर सदैव सकारात्मक सोच के साथ दूसरों के हित करने के लिए तैयार रहना चाहिए। मुख्यातिथि ने विश्वविद्यालय प्रांगण को साफ-सुथरा रखकर उसे न केवल राष्ट्रीय अपितु अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने पर सभी कर्मचारियों का धन्यवाद किया। साथ ही विश्वविद्यालय की भू-दृश्य संरचना इकाई द्वारा पौधरोपण कर अधिक से अधिक पौधरोपण करने का संदेश दिया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल ने भी महर्षि वाल्मीकि के दिखाए मार्गों पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि प्रो. काम्बोज सहित विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल और वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी स्वीपर्स यूनियन कार्यालय के परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एसके पाहुजा, परीक्षा नियंत्रक एवं भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डा. पवन कुमार, होटा प्रधान डा. अशोक गोदारा, मीडिया एडवाइजर डा. संदीप आर्य, कुलपति सचिव कपिल अरोड़ा, सहायक कुलसचिव ताराचंद, होटा प्रधान डा. अशोक गोदारा एवं गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान सुनील कुमार, महासचिव राजकुमार गंगवानी व सचिव रामस्वरूप, अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ के प्रधान मनोज कुमार, महासचिव नवीन कुमार, महासचिव जोगेंद्र सिंह सहित कार्यकारिणी के सदस्य कैलाश जेदिया, व अन्य उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
दैनिक भास्कर	29-10-23	3	7-8

महर्षि वाल्मीकि ऋषियों में सर्वप्रथम कवि : प्रो. काम्बोज

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी स्वीपर्स यूनियन, हिसार की तरफ से महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस उपलक्ष्य पर बतौर मुख्यातिथि विवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज रहे। मुख्यातिथि ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि समस्त ऋषियों में सर्वप्रथम कवि माने गए हैं। क्योंकि उन्होंने भगवान श्रीराम से जुड़े महाकाव्य रामायण की रचना की थी। इसलिए वे असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे। मुख्यातिथि ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जैसे संतों ने समाज के किसी भी विशेष वर्ग, जाति व समुदाय के लिए काम न कर अपितु हर व्यक्ति के हित के लिए काम किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
अमर उजाला	29-10-23	2	4-6

हकृवि में कर्मियों ने मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी स्वीपर्स यूनियन की ओर से महर्षि वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम का मुख्यातिथि कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

उन्होंने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि सभी परेशानियों का हल निकाला जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह ने भी महर्षि वाल्मीकि के दिखाए मार्गों पर प्रकाश डाला।

मुख्यातिथि प्रो. बीआर कांबोज, कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल, वित नियंत्रक नवीन जैन ने एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी स्वीपर्स यूनियन कार्यालय के परिसर में पौधरोपण किया। इस मौके पर हौटा प्रधान डॉ. अशोक गोदारा, गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान सुनील कुमार, महासचिव राजकुमार गंगवानी व सचिव रामस्वरूप, अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ के प्रधान मनोज, महासचिव नवीन कुमार, सफाई कर्मचारी संघ के प्रधान कालूराम, महासचिव जोगेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

हिसार के हकृवि में आयोजित महर्षि वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर पौधरोपण करते मुख्यातिथि प्रो. बीआर काम्बोज। स्रोत : संस्थान संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
पंजाब केसरी	29-10-23	4	1-6

हकृवि में मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज।

हिसार, 28 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी स्वीपर्स यूनियन की ओर से महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस उपलक्ष्य पर बतौर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे। मुख्यातिथि ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि समस्त ऋषियों में सर्वप्रथम कवि माने गए है। क्योंकि उन्होंने भगवान श्रीराम से जुड़े महाकाव्य रामायण की रचना की थी। महर्षि वाल्मीकि जैसे संतों ने समाज के किसी भी विशेष वर्ग, जाति व समुदाय के लिए काम न कर अपितु हर व्यक्ति के हित के लिए काम किया। इसलिए हमें भी महर्षि वाल्मीकि के दिखाए मार्ग का अनुसरण कर सदैव सकारात्मक सोच के साथ दूसरों के हित करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवीन सिंह मंडल ने भी महर्षि वाल्मीकि के दिखाए मार्गों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर होटा प्रधान डॉ. अशोक गोदारा, गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान सुनील कुमार, महासचिव राजकुमार नंगवानी व सचिव रामस्वरूप, अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ के प्रधान मनोज कुमार, महासचिव नवीन कुमार, सफाई कर्मचारी संघ के प्रधान कालूराम, महासचिव जोगेंद्र सिंह सहित कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
दैनिक भास्कर	29-10-23	10	7-8

हकृवि में धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी स्वीपर्स यूनियन की ओर से महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे। मुख्यातिथि ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि समस्त ऋषियों में सर्वप्रथम कवि माने गए है। क्योंकि उन्होंने भगवान श्रीराम से जुड़े महाकाव्य रामायण की रचना की थी। इसलिए वे असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने भी महर्षि वाल्मीकि के दिखाए मार्गों पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि प्रो. काम्बोज सहित विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल और वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी स्वीपर्स यूनियन कार्यालय के परिसर में पौधरोपण किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
दैनिक ट्रिब्यून	29-10-23	8	5-6

हकृवि में धूमधाम से मनाई जयंती

हिसार (हप्र) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी स्वीपर्स यूनियन, हिसार की ओर से महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि समस्त ऋषियों में सर्वप्रथम कवि माने गए हैं, क्योंकि उन्होंने भगवान श्रीराम से जुड़े महाकाव्य रामायण की रचना की थी। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, परीक्षा नियंत्रक एवं मू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार, होटा प्रधान डॉ. अशोक गोदारा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, कुलपति सचिव कपिल अरोड़ा, गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान सुनील कुमार, महासचिव राजकुमार नगवानी व सचिव रामस्वरूप भी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
सिटी पल्स न्यूज	28.10.2023	--	--

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स यूनियन, हिसार की ओर से महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस उपलक्ष्य पर बतौर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे। मुख्यातिथि ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि समस्त ऋषियों में सर्वप्रथम कवि माने गए है क्योंकि उन्होंने भगवान श्रीराम से जुड़े महाकाव्य रामायण की रचना की थी। इसलिए वे असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे। महर्षि वाल्मीकि जैसे संतों ने समाज के किसी भी विशेष वर्ग, जाति या समुदाय के लिए काम न कर अपितु हर व्यक्ति के हित के लिए काम किया। इसलिए हमें भी महर्षि वाल्मीकि के दिखाए मार्ग का

महर्षि वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर पौधारोपण करते मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज।

अनुसरण कर सदैव सकारात्मक सोच के साथ दूसरों के हित करने के लिए तैयार रहना चाहिए। कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने भी महर्षि वाल्मीकि के दिखाए मार्गों पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि सहित कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल और खेल निदेशक नवीन जैन ने एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स यूनियन कार्यालय के परिसर में पौधारोपण किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
चिराग टाइम्स	28.10.2023	--	--

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

हिसार (चिराग टाइम्स)
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी स्वीपर्स यूनियन, हिसार की ओर से महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस उपलक्ष्य पर बतौर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे। मुख्यातिथि ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि समस्त ऋषियों में सर्वप्रथम कवि माने गए है। क्योंकि उन्होंने भगवान श्रीराम से जुड़े महाकाव्य रामायण की रचना की थी। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय के हर कर्मचारी को आश्वस्त किया कि उनके समक्ष आने वाली परेशानियों का हल निकाला जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने भी

महर्षि वाल्मीकि के दिखाए मार्गों पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि प्रो. काम्बोज सहित विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल और वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी स्वीपर्स यूनियन कार्यालय के परिसर में पौधरोपण किया।

इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, परीक्षा नियंत्रक एवं भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार, होटा प्रधान डॉ. अशोक गोदारा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, कुलपति सचिव कपिल अरोड़ा, सहायक कुलसचिव ताराचंद, होटा प्रधान डॉ. अशोक गोदारा एवं गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान सुनील कुमार, महासचिव राजकुमार गंगवानी व सचिव रामस्वरूप, अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ के प्रधान मनोज कुमार, महासचिव नवीन कुमार, सफाई कर्मचारी संघ के प्रधान कालूराम, महासचिव जोगेंद्र सिंह सहित कार्यकारिणी के सदस्य कैलाश जेदिया, सुभाष लोट, वीर कुमार, बंटी, छतरपाल, अनीत कुमार, नरेश, राजपाल चौहान, मुकेश गिल, ओमप्रकाश चौहान, सरला देवी, सीताबाई, राजू और गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय से जमना सिंह चौहान व मेजर सिंह चौहान इत्यादि उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
दैनिक जागरण	29-10-23	3	6-8

जीजेयू में आयोजित यूथ फेस्टिवल में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर बीआर कंबोज को मंच पर सम्मानित करते जीजेयू के कुलपति प्रोफेसर नरसीराम बिश्नोई व अन्य व्यक्ति मौजूद रहे। ● जागरण

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
दैनिक जागरण	24-10-23	5	7-8

दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में विक्रांत ने पाया प्रथम स्थान

शोधकर्ता विक्रांत हुड्डा को सम्मानित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज व अन्य। ● सौ. स्वयं

जासं, हिसार: चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें भारत वर्ष से सभी विश्विद्यालयों से आए शोधकर्ताओं ने भाग लिया, जिसमें पोस्टर प्रस्तुतीकरण में मुख्य रूप से अपनी थीम में पीएचडी शोधकर्ता विक्रांत हुड्डा ने पहला स्थान पाया। इसके लिए उन्हें कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने प्रमाण-पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
अमर उजाला	30-10-23	2	1-5

कम जीआई वाले आलू पर चल रहा शोध, मधुमेह के मरीज भी खा सकेंगे

सीपीआरआई के निदेशक बोले- आज तक हम आलू की 70 किस्में विकसित कर चुके, तापमानरोधी किस्में भी कर रहे तैयार

अमित भारद्वाज

हिसार। आने वाले दिनों में मधुमेह के मरीज भी बेखौफ होकर आलू खा सकेंगे। कम जीआई (ग्लाईसेमिक इंडेक्स) वाले आलू को लेकर अनुसंधान चल रहा है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित 41वीं अखिल भारतीय समन्वित आलू अनुसंधान परियोजना की कार्यशाला में पहुंचे शिमला स्थित केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान(सीपीआरआई) के निदेशक डॉ. बृजेश सिंह ने विशेष बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गेहूं के मुकाबले आलू का ग्लाईसेमिक इंडेक्स ज्यादा होता है। कम जीआई वाले आलू की वैरायटी विकसित करने के लिए हमारा संस्थान काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि ऑस्ट्रेलिया की करिज्मा नाम की वैरायटी आई है, जिसे लेकर वह दावा कर रहे हैं कि इसका जीआई काफी कम है। मगर अभी तक हमें यह वैरायटी टेस्ट करने के लिए नहीं मिली है। जब हम उसे टेस्ट कर पाएंगे, तभी बता सकेंगे।

जलवायु परिवर्तन बन रहा चुनौती... डॉ. बृजेश सिंह के मुताबिक आलू के मामले में कई तरह की चुनौतियां हैं। आज तक हम आलू की 70 किस्में विकसित कर चुके हैं। इन्हें हमारे सभी कृषि जलवायु क्षेत्र के हिसाब से विकसित किया गया है। पंजाब व हरियाणा में ठंड ज्यादा होती है और इस अवधि में आलू होता है। अगर इन क्षेत्रों में तापमान बढ़ता है तो शायद हम वहां आलू की खेती न कर सकें। इन चुनौतियों को देखते हुए हम तापमानरोधी किस्मों का विकास कर रहे हैं। अगर तापमान एक-दो डिग्री बढ़ भी गया तो भी हम आलू की खेती कर सकेंगे। हम कम पानी में होने वाली 4 किस्में भी विकसित कर चुके हैं।

एयरोपोनिक्स विधि में एक ही आलू से मिल जाते हैं 50 आलू

एयरोपोनिक्स विधि है, जिसमें कंट्रोल्ड कंडीशन में आलू के बीज बनाए जाते हैं। फायदा यह है कि जहां एक आलू से छह आलू बनते हैं, जबकि इस विधि से एक आलू से औसतन 50 आलू मिल जाते हैं। चूंकि शुरुआत में ही नंबर बढ़ गया तो बीज को बढ़ाने में सहायता मिलती है।

प्रोसेस प्रोडक्ट में हम बन सकते हैं अग्रणी... डॉ. बृजेश सिंह ने बताया कि देश में जितनी आलू की मांग है, हम उससे थोड़ा ज्यादा ही पैदा कर रहे हैं। इसका फायदा यह है कि प्रोसेसिंग का सेक्टर बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। देश में आलू के प्रोसेस प्रोडक्ट बन रहे हैं और उनका निर्यात किया जा रहा है। इनमें डीहाईड्रेटिड प्रोडक्ट, फ्रोजन फ्रेंच फ्राइज आदि का पूरे विश्व में निर्यात किया जा रहा है।

चिप्स की पांच तो फ्रेंच फ्राइज की तीन किस्में कीं विकसित

खाने वाले आलू की अलग और प्रोसेसिंग वाले आलू की अलग वैरायटी है। प्रोसेसिंग का एक पूरा सेक्टर है। हम चिप्स की 5 वैरायटी निकाल चुके हैं और फ्रेंच फ्राइज की तीन वैरायटी निकाल चुके हैं।